भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1843

बुधवार, दिनांक 11 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>ग्रीन अमोनिया की नीलामी</u>

1843. श्री कार्ती पी. चिदम्बरमः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) यह देखते हुए कि मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 5 मिलियन टन ग्रीन हाइड्रोजन का है जबकि फॉस्फेटयुक्त उर्वरकों के लिए सभी आयातित अमोनिया का स्थान केवल 0.5 मिलियन टन ही लेगा, उर्वरक के उपयोग के लिए विशेष रूप से निर्धारित ग्रीन हाइड्रोजन की कुल मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) 13 नियोजित ग्रीन अमोनिया नीलामियों, जिनकी कुल मात्रा 7.24 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, के विजेता बोलीदाताओं, निर्धारित कीमतों और प्रतिबद्ध खरीदारों का नीलामी-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यह देखते हुए कि उर्वरक उत्पादन भारत के कुल जीएचजी उत्सर्जन में 1 प्रतिशत से भी कम का योगदान देता है, इसने प्रतिवर्ष लगभग 6 मीट्रिक टन का उत्सर्जन होने का अनुमान है ताकि वर्तमान 2.5 एमएमटी आयातित ग्रे अमोनिया को प्रतिस्थापित करके ग्रीन हाइड्रोजन गैस (जीएचजी) उत्सर्जन की मात्रा को कितना कम किया जा सकेगा?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ख) भारत सरकार, भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केन्द्र बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) का कार्यान्वयन कर रही है। वर्ष 2030 तक भारत की ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता 5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक पहुंचने की संभावना है।

ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (SIGHT) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप, मिशन का एक प्रमुख कंपोनेंट है, जो ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करता है। ग्रीन अमोनिया उत्पादन और आपूर्ति (मोड 2ए के तहत) के लिए प्रोत्साहन योजना के कार्यान्वयन के लिए योजना दिशानिर्देश, SIGHT कार्यक्रम के तहत जारी किए गए हैं।

सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया (SECI) ने पूरे भारत में 13 उर्वरक इकाइयों को प्रति वर्ष 7,24,000 टन ग्रीन अमोनिया के उत्पादन और आपूर्ति के लिए कीमतों का निर्धारण प्रतिस्पर्धी बोलियों के माध्यम से किया है। यह ग्रीन अमोनिया क्षमता, 0.1765 किलोग्राम ग्रीन हाइड्रोजन प्रति किलोग्राम ग्रीन अमोनिया के इक्विवेलेंस फैक्टर के अनुसार, 1,27,786 टन प्रति वर्ष ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के अनुरूप है।

13 ग्रीन अमोनिया विजेता बोलीदाताओं, निर्धारित कीमतों और प्रतिबद्ध खरीदारों के विवरण, जो कुल मिलाकर 7,24,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (MTPA) है, का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) ग्रीन अमोनिया द्वारा 2.5 मिलियन टन ग्रे अमोनिया का स्थान लेने के कारण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों में जीवन-चक्र आधार पर अनुमानित कमी, लगभग 5 मिलियन टन प्रति वर्ष CO_2 उत्सर्जनों के बराबर है। जबकि आयातित ग्रे अमोनिया के उत्पादन से संबंधित उत्सर्जन भारत की भौगोलिक सीमाओं के अंदर नहीं होता, ग्रीन अमोनिया द्वारा इसका स्थान लेने से यह वैश्विक उत्सर्जन में कमी लाने में योगदान देता है, और नवीकरणीय ऊर्जा आधारित उर्वरक उत्पादन में परिवर्तन को सुगम बनाता है।

अनुलग्नक

ग्रीन अमोनिया के उत्पादन और आपूर्ति के लिए निर्धारित कीमतें

क्र.सं.	खरीदार उर्वरक इकाई	ग्रीन अमोनिया क्षमता (एमटीपीए)	निर्धारित कीमत (रु. /किग्रा) *	चयनित ग्रीन अमोनिया उत्पादक
1	पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड (पारादीप)	75000	55.75	एक्मे क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
2	कृष्णा फॉस्केम लिमिटेड, मेघनगर	70000	51.8	एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड
3	मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड-II, सागर	60000	52.25	ओरियाना पावर लिमिटेड
4	मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड-III, धुले	70000	53.05	एससीसी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड मैसर्स इनसोलार एनर्जी लिमिटेड के साथ
5	गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (जीएनएफसी), भरूच	50000	52.5	ओनिक्स रिन्यूएबल लिमिटेड
6	कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल), काकीनाडा	85000	50.75	जैक्सन ग्रीन और ओसियर
7	कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल), विशाखापत्तनम	50000	51.89	एक्मे क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
8	इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको), कांडला	100000	54.73	एक्मे क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
9	इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको), पारादीप	100000	49.75	एक्मे क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
10	पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड (पीपीएल), जुआरीनगर	25000	62.84	एक्मे क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
11	इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आईआईपीएल), हल्दिया	20000	64.74	एक्मे क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
12	मैंगलोर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमसीएफएल), मैंगलोर	15000	57.65	मैसर्स इनसोलारे एनर्जी लिमिटेड के साथ एससीसी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
13	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमएफएल), चेन्नई	4000	50	सूर्यम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड

****